कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website - www.bcspgcdmt.co.in
E-mail - pgcollege.dhamtari@gmail.com
AISHE CODE: C-21763
दूरभाष– 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

दिनांक 18/07/2016

# II IQAC बैठक II

आज दिनांक 18.07.2016 को IQAC समन्वयक की अध्यक्षता में IQAC सदस्यों की बैठक दोपहर 12.00 बजे बैठक आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे।

01. प्रो.श्रीदेवी चौबे(Teachers Representative) -
02. प्रो. अनिता राजपुरिया (Teachers Representative) -
03. प्रो. प्रभा वेरूलकर(Teachers Representative) -
04. डॉ. ए.के.सिंह(Teachers Representative) -
05. श्री पी.सी. चौधरी(Teachers Representative) -
06. डॉ. सरला द्विवेदी(Teachers Representative) -
07. श्री चेतन हिन्दुजा (Local Society Representative) -
08. श्री सुरेश गोयल (Management Representative) -
09. श्री लक्की जैन(Student Representative) -
10. डॉ. जे.एस. खालसा (Alumni Representative) -
11. श्री मनोज सोनी (Stack Holders Representative) -
12. श्री के.के.ध्रुव (Administrative Representative) -

(डॉ.(श्रीमती) मनदीप खालसा)
IQAC समन्वयक
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)

(डॉ.चन्द्रशेखर चौबे)
प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)

# IQAC समिति
## बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)

## ॥ IQAC बैठक कार्यवाही विवरण ॥
## दिनांक 18.07.2016

| Agenda | Resolution |
|---|---|
| 01. वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण । | • एन.एस.एस एवं एन.सी.सी. के सहयोग से हरियर छत्तीसगढ़ योजना के अन्तर्गत वन विभाग, उद्यनिकी विभाग से विभिन्न प्रजाति के पौधे प्राप्त कर, विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय स्टॉफ के द्वारा महाविद्यालय परिसर के रिक्त स्थानों पर पौधा रोपण का कार्य किया जाएगा एवं उसके देख-भाल की जिम्मेदारी तय करने का निर्णय लिया गया।<br>• पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। |
| 02. महत्वपूर्ण तिथियों पर कार्यक्रम आयोजन की कार्य-योजना। | IQAC द्वारा महाविद्यालय में शैक्षिणेत्तर गतिविधियों को बढ़ावा देते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण तिथियों पर कार्यक्रम आयोजन का निर्णय लिया गया। इस हेतु समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देश दिया गया। |
| 03. स्वच्छता प्रबंधन की कार्य-योजना। | IQAC द्वारा एन.एस.एस. के सहयोग से महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम कराने का निर्णय लिया गया। इस हेतु एन.एस.एस. प्रभारी को निर्देशित किया गया। |
| 04. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा। | • सत्र 2015-16 के IQAC के गतिविधियों एवं कार्यनिष्पादन पर चर्चा की गई तथा वर्तमान सत्र में बेहतर निष्पादन का संकल्प लिया गया।<br>• धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक संपन्न हुई। |

# IQAC समिति
# बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)

## ।। कार्य निष्पादन रिपोर्ट ।।
## दिनांक 18.07.2016

| Agenda | Action Taken Report |
|---|---|
| 01. वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण । | • IQAC के निर्देशन पर दिनांक 05.08.2016 को हरियर छत्तीसगढ़ योजना के तहत् महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं, शिक्षक एवं समाजसेवी संस्था, लायंस क्लब द्वारा वृक्षा रोपण एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवधि में पर्यावरण सप्ताह मनाया गया।<br>• ग्लोबल वार्मिग एवं ग्रीन हाउस प्रभाव पर विद्यार्थियों में जागरूकता का संचार करने के लिए दिनांक 17.09.2016 को वनस्पतिशास्त्र विभाग द्वारा पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। |
| 02. महत्वपूर्ण तिथियों पर कार्यक्रम आयोजन की कार्य-योजना। | IQAC की प्रेरणा से महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया:-<br>• दिनांक 21.06.2016 को योगा दिवस के अवसर पर समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा योगाभ्यास किया गया। स्वास्थ्य तन में स्वास्थ्य मन का विकास होता है इस संकल्प के साथ योगाभ्यास को बढ़ावा दिया गया।<br>• महाविद्यालय के विद्यार्थियों में हिन्दी साहित्य के प्रति रूचि जागृत करने के लिए दिनांक 01.08.2016 को हिन्दी विभाग द्वारा मुंशी प्रेमचंद जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री सुरजीत नवदीप ने प्रेमचंद का साहित्य में योगदान से छात्र-छात्राओं को परिचित कराया एवं प्रेरित किया।<br>• दिनांक 08.09.2016 को अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर अर्थशास्त्र विभाग द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया गया। जिसमें ''नारी, पढ़ेगी, विकास गढेगी, नारी-पढ़ाओं- देश बचाओं'' विषय पर परिचर्चा आयेजित की गयी।<br>• सुदृढ़ भारत के निर्माण में शिक्षक के योगदान को स्मरण करने तथा छात्र शिक्षक संबंध को प्रगाढ़ बनाने के लिए विभिन्न विभागों में शिक्षक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।<br>• हिन्दी को जनमानस की भाषा के रूप में स्थापित करने एवं हिन्दी के महत्व से छात्र-छात्राओं को परिचित कराने के लिए दिनांक 14.09.2016 को हिन्दी विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साहित्यकार प्रो.शैलचन्द्रा, हास्य व्यंगकार श्री मुलचंद शर्मा, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के परीक्षक श्री रामेश्वर शर्मा एवं डॉ. विश्वम्भर चन्द्रा एवं श्रीमती पुष्पा इंगोले ने व्याख्यान दिया।<br>• नवागन्तुक छात्र-छात्राओं के स्वागत् एवं शिक्षक-छात्र संबंधों में प्रगाढ़ता लाने के लिए समस्त स्नातकोत्तर विभागों में स्वागत् समारोह का आयोजन, वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा किया गया। |

| | |
|---|---|
| 03. स्वच्छता प्रबंधन की कार्य-योजना। | • IQAC के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों द्वारा दिनांक 12.08.2016 को महाविद्यालय के परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं पचंवटी कॉलोनी तक स्वच्छता रैली भी निकाली गई।<br>• दिनांक 10.09.2016 को एन.एस.एस. एवं महाविद्यालय स्टॉफ द्वारा महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया। पर्यावरण स्वच्छता एवं जागरूकता के लिए पोस्टर प्रदर्शनी लगायी गई एवं सायकल रैली निकाली गई। |
| | • दिनांक 31.08.2016 को अर्थशास्त्र विभाग द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें व्यक्तित्व विकास पर प्रो. रोहणी प्रसाद, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर ने छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। |